आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा द्वारा आज दिनांक 28.02.2026 को सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना के सूचारू एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण हेतु प्रमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति: पंजी के अनुसार।

आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, उपलब्धियों, लंबित मामलों तथा क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को विस्तार से अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए –

- सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए।
- जिन योजनाओं का कार्य अपेक्षित प्रगति के अनुरूप नहीं है अथवा लंबित है, उनकी विभागवार विस्तृत सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए।
- लंबित योजनाओं के संबंध में यह स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि मामला किस स्तर पर लंबित है (राज्य स्तर/प्रमंडल स्तर/जिला स्तर/अनुमंडल स्तर/प्रखंड स्तर/कार्यान्वयन एजेंसी स्तर) तथा लंबित रहने के कारणों का भी उल्लेख किया जाए।
- लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उसकी अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराई जाए।
- सभी योजनाओं में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई योजना लंबित/कार्यरत/प्रक्रियाधीन नहीं हो अर्थात संबंधित विभाग के अन्तर्गत कोई योजना संचालित नहीं तो शून्य प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- जिन योजनाओं में भूमि उपलब्धता, निविदा प्रक्रिया, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति अथवा अन्य कारणों से विलंब हो रहा है, उन मामलों का पृथक विवरण उपलब्ध कराया जाए।
- योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं/बाधाओं से संबंधित प्रतिवेदन तत्काल उपलब्ध कराया जाए, ताकि आवश्यकतानुसार उच्च स्तर पर कार्रवाई कर समाधान किया जा सके।
- सभी पदाधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग किया जाय तथा समय-समय पर क्षेत्रीय निरीक्षण कर योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन करेंगें।
- योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्यो का निष्पादन निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।
- आम जनता को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।
- किसी भी योजना में अनावश्यक विलंब या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी/कार्यान्वयन एजेंसी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।
- सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं की प्रगति से संबंधित सूचना एवं प्रतिवेदन प्रत्येक सप्ताह के गुरूवार तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

सभी पदाधिकारियों से अनुरोध है कि सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं का उद्देश्य आम जनता को अधिकतम लाभ पहुँचाना है, अतः सभी पदाधिकारी संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें।

अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०/-
आयुक्त
कोशी प्रमंडल, सहरसा।

ज्ञापांक :– 1732 /वि०   सहरसा, दिनांक– 01- 3- 2026

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडल स्तरीय पदाधिकारी, कोशी प्रमंडल, सहरसा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, सहरसा/सुपौल/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Bijay K.
01/3/26.

आयुक्त

कोशी प्रमंडल, सहरसा।